Fourteenth Loksabha

Session : 7
Date : 17-05-2006

Participants : Jatiya Dr. Satyanarayan

an>

Title : Need to introduce EMU and DMU on Kota-Ratlam and Indore-Ujjain sectors respectively.

डॉ. सत्यनारायण जटिया (उज्जैन) : महोदय, पश्चिम तथा पश्चिम-मध्य रेलवे के अंतर्गत रेल यात्रियों की सुविधा के लिए नयी रेल यात्री गाड़ियां, अनारक्षित रेल यात्री कोचेस, रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म का उन्नयन, रेल यात्री प्रतीक्षालय, पेयजल प्रबंध, ग्रीम और वर्षा से सुरक्षा के लिए प्लेटफार्म शेड्स, रेलवे स्टेशन पर प्रकाश, कोर्टयार्ड का कांक्रीटिंग और सौन्दर्यीकरण करने की आवश्यकता है।

उक्त संदर्भ में पश्चिम रेलवे के खाचरोद, उन्हेल, नागदा, उज्जैन तथा पश्चिम मध्य रेलवे के महिदपुर रोड, विक्रमगढ़ आलोट स्टेशन सहित अन्य स्टेशनों पर आवश्यक प्रबंध की आवश्यकता है।

कोटा-रतलाम के बीच इ.एम.यू तथा इन्दौर-उज्जैन मीटर गेज पर डी.एम.यू रेल यात्री सेवा प्रारंभ करने की आवश्यकता है।

इस संबंध में माननीय रेल मंत्री जी को प्रत्यक्ष में ज्ञापन प्रेति किया गया है तथा मध्य प्रदेश में रेल सुविधायें विस्तार का आग्रह किया है।

अतएव रेल यात्रियों की सुविधा के लिए माननीय रेल मंत्री जी स्वीकृति प्रदान कर अनुग्रहीत करें।